जब गमो ने तुम को गेरा हो

जब गमो ने तुम को गेरा हो,
तुम हाले साई को सुना देना,
जब दुनिया तुम से मुँह मोड़े,
तुम अपने साई को मना लेना,

साई पानी से दीपक जला देते है,
नीम को मीठा साई बना देते है,
इक बार दिल से याद करो,
भक्तो की किस्मत को हीरा बना देते है,
जब अपने तुम को ठुकरा दे तुम साई के दर को अपना लेना,
जब गमो ने तुम को गेरा हो,
तुम हाले साई को सुना देना,

अश्को को साई मोती बना देते है,
हर जख्मो पे मरहम लगा देते है,
जब जीने की वजह खत्म हो जाए मौत को ज़िंदगी साई बना देते है,
अगर कोई तुमको रुला दे तो तुम साई गीत गुण गुना लेना,
जब गमो ने तुम को गेरा हो,
तुम हाले साई को सुना देना,

जिसने लिखी अपने हाथो से दुनिया की तकदीर,
शिरडी में आया है देखो बन कर फ़कीर,
साई बदल ते है हाथो की लकीर साई जैसा कोई देखो नहीं है अमीर,
मेरे साई तो करुणा के सागर है तुम डुबकी उसमे लगा लेना,
जब गमो ने तुम को गेरा हो,
तुम हाले साई को सुना देना,

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/7968/title/jab-gmo-me-tum-ko-gera-ho-tum-haal-sai-ko-suna-dena

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |